राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING

आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 certified

(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

(An Autonomous Institution Under Deptt. Of School Education and Literacy, M.H.R.D., Govt. of India)

फा. 4-109/एनआईओएस/2016/मूल्यां/206 — 20 जून, 2018

कार्यालय आदेश - 249/2018

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले शिक्षार्थियों से सत्यापन तथा दूसरी प्रति/संशोधित अंक तालिका/प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एमएम इकाई द्वारा प्रतिदिन अनेक अनुरोध प्राप्त किए जाते हैं। इस प्रक्रिया को आरंभ करने तथा अंतिम रूप देने के लिए वि.स.से. विभाग द्वारा निविष्टियां प्रदान किए जाने की आवश्यकता है, चाहे ये एनआईओएस मानदण्डों के अनुरूप ही क्यों न हों।

इस कार्य को एक अथवा दो दिन की न्यूनतम अवधि में पूर्ण करने तथा जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करना जरूरी है।

यह देखा गया है कि वि.स.से. विभाग में काम करने वाले कार्मिक उसी समय शिक्षार्थियों को दस्तावेज़ सौंप देते हैं और इसे एमएम इकाई द्वारा जारी कराने के लिए उन्हें निदेश देते हैं, जो कार्यालयी प्रक्रिया के अनुसार नहीं है।

ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए वि.स.से. विभाग के साथ-साथ एमएम इकाई को सत्यापन के लिए सभी मामले सुनिश्चित करने के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए तथा दूसरी प्रति/संशोधित दस्तावेज़ जारी करने की प्रक्रिया दो दिन में की जाए ताकि शिक्षार्थियों, संबंधियों तथा उनके अभिभावकों के साथ अनावश्यक तर्क-वितर्क न करना पड़े।

इसके अतिरिक्त प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड को निर्देशित किया जाना चाहिए कि एमएम इकाई और वि.स.से. विभाग के परिसर में शिक्षार्थियों के अतिरिक्त किसी को प्रवेश करने की अनुमति न दी जाए।

सी. धारूमन

(सी.धारूमन)
सचिव

वितरण :

1. संयुक्त निदेशक (वि.स.से.), एनआईओएस
2. उप निदेशक (गुप्त/मूल्यांकन), एनआईओएस
3. एसए/पी, एनआईओएस वेबसाइट पर प्रस्तुत करने के अनुरोध सहित
4. सहायक निदेशक (प्रशा.), एनआईओएस
5. अनुभाग अधिकारी (अंक एवं स्था.), एनआईओएस
6. अनुभाग अधिकारी (प्रशा.), एनआईओएस
7. आदेश फाइल/गार्ड फाइल